पुस्तकालय

2593
13/4/07

असंशोधित

28 MAR 2007

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

गै०स०प्रे०सं० 1081 13-4-07

**ता० प्र० सं०-१८४४,मा० सदस्य श्री केदारनाथ सिंह (पूरक)**

श्री रामप्रवेश राय : अध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न है । वहाँ सारे नलकूप बंद पड़े हुए हैं । मैं आपके माध्यम से मंत्रीजी से कहना चाहता हूँ कि जो समस्याएं हैं उनको दूर करते हुए जल्द-जल्द से नलकूप चालू कराये ।

श्री विश्वमोहन कुमार, राज्यमंत्री : महोदय, फेज-८ के तहत दो नलकूप चालू है और एक नलकूप का ट्रांसफर्मर जो दि० ०७.०१.०७ को चल गया है बंद है । इस बंद पड़े हुए नलकूप का हम मरम्मति कराकर, ट्रांसफर्मर बदलवा कर चालू करा देते हैं ।

(व्यवधान)

अध्यक्ष : शांति-शांति । मा० सदस्य, मा० मंत्री ने शीघ्र चालू कराने का आश्वासन दिया है।

(व्यवधान)

श्री रामप्रवेश राय : महोदय, पिछले पाँच-छह साल से हमलोग नलकूप की समस्या से जुड़ते आ रहे हैं । पूर्व की सरकार के समय भी नलकूप नहीं चालू हुआ और अब जबकि हमलोगों की सरकार आई है तो क्या अब भी नलकूप चालू नहीं होगा । एक निश्चित समय-सीमा के अन्दर नलकूप चालू कराने के बारे में बता दिया जाये।

(व्यवधान)

श्री विश्वमोहन कुमार, राज्यमंत्री : महोदय, मैंने जैसाकि कहा है कि फेज-८ के तहत दो नलकूप डीजल से चालू है और एक दि० ०७.०१.०७ से ट्रांसफर्मर जल जाने के कारण बंद है उसको हम फिलहाल चालू करा देंगे ।

(व्यवधान)

अध्यक्ष : शांति-शांति । माननीय मंत्री ने संबंधित सवाल का जवाब दे दिया है ।

**ता० प्र० सं०-१८४५,मा० सदस्य श्री विजय कुमार सिंह**

(इस अवसर पर मा० सदस्य श्री विजय कुमार सिंह सदन में अनुपस्थित ।)

**ता० प्र० सं०-१८४६,मा० सदस्य श्री पूर्णमासी राम**

श्री नरेन्द्र नारायण यादव, मंत्री : महोदय, इस प्रश्न को जल संसाधन विभाग को हस्तांतरित किया गया है ।

**ता० प्र० सं०-१८४७,मा० सदस्य श्री कृष्णनंदन प्र० वर्मा**

श्री विश्वमोहन कुमार, राज्यमंत्री : महोदय, खंड-१. स्वीकारात्मक है ।

खंड-२. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा उक्त योजना का प्राक्कलन तैयार कर जिला पदाधिकारी, जहानाबाद को प्रशासनिक स्वीकृति एवं आवंटन हेतु प्रेषित किया गया है ।